(ख) दिल्ली की परिवहन प्रणाली में और सुधार लाने तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेहतर बस सेवा उपलब्ध कराने के लिये सरकार दवारा लागू की जाने वाली योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) रेड-लाइन बसों की समय-बद्धता के संबंध में क्या स्थिति है?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)**: (क) 19.11.1992 की स्थिति के अनुसार दिल्ली में 1007 रेड लाइन बसें लगाई गई हैं। रूटों के ब्योरों से संबंधित सूचना एकत्र की जा रही है और उसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा।

(ख) यात्रियों की मांगों को पूरा करने के लिए दिल्ली प्रशासन निजी प्रचालकों को 3000 स्टेज कैरिज परमिट देने की स्कीम को कार्यान्वित कर रहा है। लक्जरी बसों के लिए 100 परमिट देने की स्पेशिल स्टेज कैरिज परमिट स्कीम के अंतर्गत दिल्ली प्रशासन निजी प्रचालकों को 82 परमिट दे चुका है। इस स्कीम के अन्तर्गत 100 परमिट और दिए जाने का भी प्रस्ताव है। यात्रियों को तीव्र गति वाली और आरामदायक सेवा सुलभ कराने के लिए दिल्ली परिवहन निगम ने 4/- रु० प्रति यात्री, प्रति यात्रा के उच्चतर किराए ढांचे वाली ग्रीन लाइन सेवा शुरु की है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बस सेवाओं में वृद्धि करने के लिए दिए जा रहे परमिटों की संख्या को बढ़ाने हेतु अंतर्राज्यीय करारों के संबंध में भी पुनः बातचीत की जा रही है।

(ग) राज्य परिवहन प्राधिकरण, दिल्ली ने परमिटों में इस आशय की शर्तें निर्धारित की हैं कि परमिट धारक बसों को अनुमोदित समय-सारणी के अनुसार और दिए गए रूट पर चलाएंगे और वे यह सुनिश्चित करेंगे कि बसों का प्रत्येक ट्रिप, उसके लिए निर्धारित समय के अंदर चलाया जाता है।

**Improvement in Bus Services Operating from South Delhi**

444. MAULANA OBAIDULLAH KHAN AZMI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to refer to answer to Unstarred Question 2245 given in the Rajya Sabha on the 29th July, 1992 and state:

(a) whether it is a fact that DTC route Nos. 252, 336 and 338 are also operating from South Delhi to East Delhi;

(b) if so, the number of trips missed on each route during the last three months and what were the reasons therefor; and

(c) what efforts have been made to effect improvement in the bus services?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) and (b) No, Sir. Route Nos. 336 and 338 are operating from East to South Delhi i.e., Vivek Vihar to Vasant Vihar and Mayur Vihar to Chankya Puri Terminal respectively. Route No. 252 has been discontinued with effect from 31.8.1992 due to low patronage. The details of the missed trips from August to October 1992 are as under:—

| Route No. | Trips | |
|---|---|---|
| | Scheduled | Missed |
| 336 | 2910 | 94 |
| 338 | 4392 | 434 |

Missing trips were on account of break down due to overaged fleet and late running due to late-outshedding and traffic congestion.

(c) Operational position of these routes are monitored at regional as well as depot level to ensure the regularity and the punctuality of buses. The road supervision has been intensified to reduce the dislocation of services as far as possible.

**National Highway Linking Thiruvananthapuram with Ambasamudram**

445. SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state whether any survey has been conducted or proposed to be conducted for the construction of a New National Highway linking Thiruvananthapuram with Ambasamudram (Nellai Kattabomman District) in Tamil Nadu in view of the fact that Tuticorin, a major harbour in the east coast would have quick access to the southern districts of Kerala?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): No, Sir.

**राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग**

446. **श्री शिव चरण सिंह**: क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई कितनी है और वहां के क्षेत्रफल की तुलना में उनकी लम्बाई कितनी होनी चाहिए;